<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

‘‘हिन्दुस्तान कॉलेज को मिला कौशल विकास में श्रेष्ठ कॉलेज का खिताब’’

ए.आई.सी.टी.ई. सभागार में श्री विजय सम्पला, राज्य मंत्री भारत सरकार एवं श्री अनिल सहस्त्रबुद्धे, अध्यक्ष ए.आई.सी.टी.ई. ने किया सम्मानित

शारदा ग्रुप के हिन्दुस्तान कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड टेक्नोलोजी, फरह, मथुरा को अखिल भारतीय तकनीकी और प्रबंधन परिषद् के वार्षिक वैश्विक शिखर सम्मेलन में 14 जून 2017 को औद्योगिक–शैक्षणिक इन्टरफेस (उपक्रम) में कौशल विकास को प्रेरित करने के लिए सर्वोत्तम तकनीकी संस्थान का पुरस्कार दिया गया। जिसे अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् (AICTE) के सभागार में महाविद्यालय (कॉलेज) के निदेशक डॉ. राजीव कुमार उपाध्याय ने ग्रहण किया। लगभग 750 महाविद्यालयों के नामांकन में से केवल 3 महाविद्यालयों को पुरस्कृत किया गया जिनमें से एक हिन्दुस्तान कॉलेज फरह है। समारोह के मुख्य अतिथि श्री विजय सम्पला, सामाजिक न्याय व अधिकारिता राज्य मंत्री, भारत सरकार रहे। साथ ही श्री अनिल सहस्त्रबुद्धे, अध्यक्ष एवं डॉ. एम.एस. पूनिया, उपाध्यक्ष अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् उपस्थित रहे।

भारत में रोजगार सृजन और कौशल विकास संबधी चुनौतियों और अवसरों की जॉंच हेतु (ऐ.आई.टी.एम.सी.) ‘‘वार्षिक कॉर्पोरेट शिखर सम्मेलन’’ का आयोजन अखिल भारतीय तकनीकी एवं प्रबंधन परिषद् द्वारा अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् (ऐ.आई.सी.टी.ई.),

दूरसंचार क्षेत्र कौशल समिति (टी.एस.एस.सी.), बिजनेस वर्ल्ड मैगजीन तथा रोजगार एवं श्रम मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा अखिल भारतीय तकनीकी और प्रबंधन परिषद् के सभागार में दिल्ली बसंत कुंज में दिनांक 14 जून 2017 को संयुक्त रुप से आयोजित किया गया। आयोजन के अवसर पर उद्योगपतियों, कार्पोरेट घरानों, तकनीकी व प्रबंधन संस्थानों तथा कौशल विकास प्रशिक्षण संस्थानों व औद्योगिक संघ के 1200 प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

चर्चा के दौरान पहले सत्र में ''रोजगारपरकता में उच्च शिक्षा संस्थानों की भूमिका'' के तहत भारत में रोजगार सृजन के अवसर व उनकी मात्रात्मक व गुणात्मक उपलब्धि पर विचार किया गया।

द्वितीय सत्र में ''पैडोरा बाक्स'' कौशल शिक्षा नीति पर भारत की युवा जनसांखिकीय नियोजिता पर विचार किया गया।

तृतीय सत्र के दौरान तकनीकी पाठ्यक्रमों को नवीनीकृत करने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। अंतिम व चतुर्थ सत्र में उद्योग व शिक्षण प्रभाविता के सहयोग द्वारा उत्पादन के पारिस्थितिकी तंत्र पर विचार विमर्श किया गया।

आयोजन के समय विभिन्न विशेषज्ञों का उद्घोषक समूह सहभागी रहा जिनमें प्रमुख रुप से श्री विपुल गोयल, औद्योगिक एवं व्यापार विभाग, भारत सरकार, लेफ्टिनेंट जनरल (डॉ.) एस.पी. कोचर, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, दूरसंचार क्षेत्र कौशल परिषद्, श्री धनंजय सिंह, महानिदेशक राष्ट्रीय मानव विकास संसाधन, भारत सरकार, श्री प्रवीन श्रीवास्तव, अपर महानिदेशक, रोजगार एवं श्रम मंत्रालय तथा श्री अनुज शर्मा, अध्यक्ष ई-रिक्शा समिति- सड़क परिवहन राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार उपस्थित रहे।

संस्थान की इस उपलब्धि पर शारदा ग्रुप के वाईस–चेयरमैन श्री वाई.के. गुप्ता, कार्यकारी उपाध्यक्ष शारदा ग्रुप श्री प्रदीप महाथा, अधिशासी निदेशक शारदा ग्रुप प्रो. वी.के. शर्मा संस्थान के डीन अकेडमिक डॉ. पी.एस. जॉसन, डीन फैकल्टी डॉ. हरेन्द्र सिंह, डीन आर.एण्ड.डी. डॉ. एम.एस. गौर तथा समस्त विभागों के विभागाध्यक्षों ने संस्थान के समस्त शिक्षकों एवं छात्र/छात्राओं को बधाई दी।

पी.के. शर्मा
मीडिया प्रभारी